Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार खबर ही नही, खबरों का विश्लेषण भी दिनांक 26-10- 2021 अंक 37

प्रकाशन वर्ष : 2021 बरही से प्रकाशित एवं संचालित संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941

बरही | चौपारण | बरकट्ठा | कोडरमा | इचाक | चंदवारा | गिरिडीह | चतरा | हजारीबाग | पदमा / चलकुशा | राज्य / देश

Website- www.apemlive.com सच का साथी Email Id- liveapem@gmail.com


## वृद्ध,भिक्षुक एवं असहाय दिब्यांगों को जीवन जीने की कला सीखा रहे हैं आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़े तारकेश्वर सोनी

### भोजन सह स्वच्छता एवं रोजगार कार्यक्रम का लगातार चौथा महीना जारी। जानिए तारकेश्वर सोनी से हुई बदलाव की कहानी उन्ही की जुबानी :-

**अपेम लाइव : हजारीबाग**



तारकेश्वर सोनी

दी आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता योग शिक्षक तारकेश्वर सोनी लगातार बुजुर्गों, भिक्षुकों एव असहायों दिब्यांगो का हमदर्द बनकर उन्हें जीने की कला सिखा रहे हैं। इसके लिए लगातार बुजुर्गों, भिक्षुकों एव असहायों दिब्यांगो के लिए भोजन की व्यवस्था कर रहे है, उन्हें स्वच्छता का पाठ पढ़ा रहे हैं। शारीरिक रूप से मजबूत भिखारियों एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर रहे हैं। आइये जानते हैं उनकी क्रियाकलाप की कहानी उन्ही के जुबानी।

**तारकेश्वर सोनी जी की कलम सेः-**

सावन में मंदिर के सीढ़ियों से उतरते वक्त मेरी दृष्टि उस दृश्य से उलझ गई जहां लोग भिखारियों को दान दे रहे थें। यह दृश्य इसलिए विचलित करने वाला था, क्योंकि दान देने के भाव के साथ उनमें अस्पृश्यता का भाव भी झलक रही थी। वजह थी भिक्षुकों की गंदगी। मुझे लगा कि इनकी दशा मैं बदल सकता हूं। दो ही कारणों से ये बदल सकते हैं या तो भय या लालच। मैंने लोभ और प्रेम का सहारा लिया। इनके लिए सुबह का बढ़िया नाश्ते की व्यवस्था मैंने कुछ दिनों के लिए शुरूआत की। सप्ताह भर के बाद से ही मेरे साथ एक-एक करके कई लोग जुड़ते चले गए। प्रतिदिन के नाश्ते की जिम्मेदारी किसी एक सदस्य ने लेना शुरू कर दिया।इस प्रकार पूरे सावन भर लोगों ने अपने-अपने घर पर क्रम से नाश्ता बनाकर देने का काम किया।मैं अपने वोलंटियर्स के साथ उनके घर जाकर नाश्ते को पैक करके बांटने निकल पड़ता। प्रतिदिन दो या तीन वोलंटियर्स मेरे साथ होते हैं।सावन के बाद हमलोगों ने एक जरूरतमंद खाना बनाने वाली को रख लिया।इस प्रकार यह सेवा अनवरत चल रही है। लोगों को लगा कि यह भोजन वितरण का कार्यक्रम है।पर मेरे दिमाग में कुछ और ही चल रहा था।यह भोजन मेरे और भिक्षुकों के बीच की कड़ी बनी। मैं रोज उनका हाल-चाल लेता। उनकी व्यथा, आपबीती और कठिनाइयों को सुनता,उन्हें भावनात्मक और मानसिक सहारा देता।दि आर्ट ऑफ लिविंग में योग प्रशिक्षक होने के नाते इस तरह के मनोविज्ञान को मैं बखूबी डील कर लेता हूं। उनके छोटे-मोटे जख्मों पर मरहम कर देता। अत्यंत लाचार के कपड़े बदल देता।इस प्रकार उनके साथ मेरी आत्मीयता बढ़ती गई। पुनः ग्रुप के सदस्यों के सहयोग से मैंने पुराने वस्त्र इकट्ठे किये जरूरत एवं साईज के हिसाब से धीरे-धीरे देना प्रारंभ कर दिया। उनके बगल में बैठे हुए भिखारी जो अत्यंत गंदे होते



बुजुर्ग की मरहम पट्टी करते तारकेश्वर सोनी



बुजुर्ग को चप्पल उपलब्ध कराते तारकेश्वर सोनी

थे उन्हें मैंने शुरुआत में कपड़े नहीं दिये।उन्हें मैं नहाने-धोने के साबुन, शैम्पू वगैरह दे देता और पहले नहा-धोकर आने को कहता। जब दूसरे दिन नहा- धोकर आ जाते तो उन्हें नाश्ते के साथ पुराने परंतु अच्छे वस्त्र प्रदान कर देता। इस तरह कुछ समय के बाद, चूंकि उनको नाश्ता, कपड़ा, साबुन, वाशिंग पाउडर आदि क्रमशः दिया जा रहा था के बीच यदि कोई गंदा रह गया तो उसे उस दिन का नाश्ता हमलोग नहीं देते थे। नतीजा,लोग नहाने लगे और अति गंदे वस्त्र छोड़कर पुराने परंतु साफ वस्त्र में आने लगे। अभी भी कुछ लोग नहीं सुधरे थें। अतः उनमें जो लोग हमारे दिये गये संसाधनों से साफ-सफाई मेंटेंन कर रहे थें उन्हें चुन-चुनकर नये वस्त्र देना प्रारंभ कियें।इस प्रकार नये वस्त्र पाने की लालच में बाकी लोग भी सफाई में रहने लगे।अब चुनौती यह थी कि स्वच्छ रहने का यह भाव इनकी दिनचर्या का हिस्सा बन जाये इसके लिए इस कार्यक्रम को मैंने आगे भी चलाते रहने का निश्चय किया।जो चल रहा है। भिखारियों की मानसिकता थी कि साफ कपड़ों में उन्हें कोई दान नहीं देगा। मुझे भी संशय था परंतु प्रयोग जारी रखा।हमलोगों द्वारा प्रदत्त सुविधाओं में तीन लोग आते थे,वृद्ध, विक्षिप्त और दिव्यांग।अतः ईश्वरीय कृपा से इनके आमदनी में भी कोई कमी नहीं आई।

इसमें एक मुख्य बात मैं यह जोड़ना चाहुंगा कि शहर में ही कुछ ऐसे परिवार भी होते हैं जो सड़कों पर भीख तो नहीं मांग सकते परंतु आर्थिक, पारिवारिक स्थिति अत्यंत कष्टकर है।हमलोगों ने वेसे कुछ परिवारों को भी इस कार्यक्रम से जोड़ लिया।साथ ही, बहुत ही कम पूंजी में जो शहर आकर फूल,दोना,दातून बेचकर एवं अन्य छोटे-मोटे काम करके गुजारा कर रहे हैं उनके प्रोत्साहन हेतु उनके बीच नये-पुराने कपड़े और नाश्ते का प्रबंध कर रहे हैं ताकि श्रम करके खाने वालों का सम्मान हो।

बीच-बीच में उचित अवसर पर हमलोग किन्नरों के बीच जाकर चिकित्सा, भोजन और वस्त्र आदि देकर सम्मानित कर रहे हैं, जिसका उद्देय है कि समाज में लोग इन्हें सम्मान की नजरों से देखें। स्त्री और पुरुष के समान ये भी हमारे समाज का एक अंग हैं। यद्यपि यह सारी सेवा दि आर्ट ऑफ लिविंग के बैनर तले गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी की प्रेरणा से हो रही है तथापि इस पुनीत कार्य में समाज के वर्ग का सहयोग हमें मिलता है। इसके लिए आप सभी को मैं हृदय की गहराइयों से साधुवाद देता हूं।

इसी कड़ी में ओल्ड एज होम में दीपावली के पूर्व संध्या पर बुजुर्गो को नया वस्त्र साडी उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही दीप प्रज्जवलन कर सांकेतिक दीपावली मनाई जाएगी।

## भाजपा नेता अर्जुन साव की पुत्री ने पाई इंटरनेशनल सेंटर फॉर फॉरेंसिक नारकोटिक्स में सफलता

### बेटीयां बेटो से कम नही,मौका देकर देखें:अर्जुन साव

**अपेम लाइव : बरही**
**बिरेन्द्र कुमार**



ऋतु रश्मि एवम तनु श्री



अर्जुन साव, भाजपा नेता

भाजपा नेता व रसोइया धमना निवासी अर्जुन साव ने अपने सभी बेटियों को उच्च शिक्षा मुहैया कराने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे है। बेटी हमारा अभिमान है के मूल मंत्र के साथ अपने सभी बेटियों को तकनीकी शिक्षा मुहैया कराने में सफलता पाई है। इनकी छोटी बेटी ऋतु रश्मि ने भारत के सर्वोच्च फॉरेंसिक यूनिवर्सिटी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय गांधीनगर गुजरात में स्नातकोत्तर में प्रवेश हेतु सफलता पाई है। इनका चयन नारकोटिक्स विषय के लिए हुआ है। ज्ञात हो कि प्रत्येक साल परीक्षा के माध्यम से पूरे भारत से 40 स्टूडेंटस का चयन होता है। इन 40 में ही एक ऋतु रश्मि का भी चयन हुआ है। इनके चयन से उनके परिवार जनों में खुशी का लहर है। अपनी खुशी का इजहार करते हुए भाजपा नेता अर्जुन साव ने कहा कि मेरी बेटियों ने मेरा मान बढ़ाया है। एक ऋतु रश्मि ने जहां भारत के सर्वोच्च फॉरेंसिक यूनिवर्सिटी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय गांधीनगर गुजरात में प्रवेश पाई है। वही दूसरी बेटी तनु श्री की पीसी फाइनेंस बेंगलुरु की कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर डेवलपर के रूप में 25 लाख रुपये के पैकेज पर नियुक्ति हुई है। दोनों बेटियों ने हमे दोहरी खुशी दी है।। विदित हो कि दोनों बेटियों की प्रारंभिक शिक्षा बरही में संचालित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से हुई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने दोनों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। दोनों की सफलता पर भामाशाह विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित अपेम मुख्य संरक्षक कपिल प्रसाद केशरी, चीफ एडवाइजर डॉ० अनिल कुमार, डॉ० प्रकाश ज्ञानी, उषा रानी, प्रो हीरामन साहू, नितेश कुमार, नरेश प्रजापति, परमेश्वर प्रजापति, बीरेंद्र कुमार आदि ने बधाई दी है।।




दिनांक: 26-10-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 02

## बरही चौक पर भाजपाइयों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश का किया भव्य स्वागत

### राज्य सरकार विकास कार्य को छोड़ कागजी खानापूर्ति में व्यस्त : दीपक प्रकाश

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश मंगलवार को बरही चौक पहुंचे। जहां भाजपा पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया। सर्वप्रथम पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। स्वागत के बाद प्रदेश अध्यक्ष समेत भा. जपा के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता स्व महावीर साहू के घर पहुंचकर उनके परि. जनों से मिलकर संवेदना प्रकट की। बरही चौक पर स्वागत के बाद पूर्व विधायक के आवास पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने पत्रकारों से वार्ता की। प्रेस वार्ता करते हुए दीपक प्रकाश ने हेमंत सरकार पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार केवल झुठ की राजनीति कर रही है। रोजगार के नाम पर केवल कोरोना का बहाना बना रही है।दो साल पूरे होने को है और राज्य में विकास नहीं के बराबर है। राज्य में इन दिनों महिलाओ पर हो रहे अत्याचार के मामले में सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हुए है। इस दौरान पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। रांची से प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी आदि उनके साथ थे। मौके पर पूर्व विधायक मनोज यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता, वरिष्ठ भाजपा नेता दुलार यादव, अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि संजीव कतरियार, विस सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, भाजपा ओबीसी प्रमण्डल प्रभारी किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला महामंत्री विवेकानंद सिंह, जिला महामंत्री , सुनील साहू, सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व मुखिया राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, परमेश्वर यादव, भगवान केशरी, मुन्ना यादव, ज्योतिष यादव, टेकलाल यादव, प्रकाश साव, नागेश्वर रजक, बंधन यादव, कृष्णा यादव, रितेश केशरी, पिंटू यादव, परमेश्वर यादव, कृष्णा यादव , इंद्रदेव ठाकुर, विशेश्वर यादव, युगल यादव, महेंद्र रविदास, गौरव गुप्ता सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते मनोज यादव एवं अन्य

## महिलाओ ने पति की दीर्घायू एवं सुख समृद्धि को लेकर की करवा चौथ, भगवान गणेश की हुई पूजा

**अपेम लाइव : बरही**
**उषा रानी**

पति को दीर्घायु एव सुख समृद्धि की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का पर्व रखा। इस दौरान महिलाओं ने निर्जला उपवास रखते हुए भगवान गणेश, भगवान शिव एव पार्वती की पूजा अर्चना की। चांद का दर्शन कर अपने पति के द्वारा उनका निर्जला उपवास को तोड़वाया गया। इस अवसर पर बरही के शहरी एव ग्रमीणों क्षेत्र में करवाचौथ का पर्व भक्ति एवं श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। बरही न्यू रेलवे क०लोनी में भी सामूहिक करवा चौथ उत्सव का आयोजन किया गया। इसमे मुहल्ले के लोग एक जगह जमा होकर पूजा अर्चना किए। पंडित धनजय पांडेय ने बताया कि करवा चौथ का व्रत निर्जल और बिना खाए पिए रखा जाता है इसलिए सुबह सरगी को अच्छी तरह से सरगी रखी जाती है । सरगी लड़की के मायके या ससुराल से आती है। इसमें श्रृंगार का सामान, कपड़े, खाने-पीने की चीजें आदि होती हैं। निर्जल रहने के कारण यह व्रत काफी कठिन होता है इसलिए विश्वास और श्रद्धा के साथ करवा माता का पूजन की जाती है। इससे सुख समृद्धि बढ़ती है। पूजन कार्य मे पन्नम सिंह, उषा रानी , मालती देवी, रीना देवी सहित कई महिलाएं मौजूद थी।



करवा चौथ की पूजा अर्चना करते सुहागिन महिलाएं

## बरही पूर्वी के जिला परिषद उम्मीदवार किशुन यादव ने अपने क्षेत्र के विभिन्न गॉवों का किया दौरा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही पूर्वी के जिला परिषद उम्मीदवार किशुन यादव ने अपने क्षेत्र के विभिन्न गाँवों का दौरा किया। जिसमे करियातपुर के भुइयांटोली, रविदास टोला का दौरा किया, जहाँ करियातपुर पंचायत के दुधपनिया में सामाज ने एकजुट होकर एक स्वर में लोगो ने साथ देने का समर्थन किया। साथ ही किशुन यादव को माला एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। मोके पर लक्ष्मण राव, अमृत साव, बाबूलाल पासवन, मिंटू पासवन, मुकेश साव, सूरज दास, मुकेश दास, विजय दास, रामेश्वर पंडित, केश पासवन, बद्री भुइयाँ, महेंद्र पासवन, मीतू साहू, विजेश्वर साव, लव कुमार, महादेव पासवन, गणेश साव, राम पासवन एवं गांव के अन्य लोग उपस्थित थे।



जनसंपर्क अभियान चलाते किशुन यादव

## 14 नवंबर तक पारा शिक्षकों के स्थायीकरण, वे. तनमान पर निर्णय नहीं हुवा तो 15 नवंबर को रांची पहुंचेंगे राज्य के तमाम पारा शिक्षक : मोर्चा

### घोषणा हुई तो स्वागत, यदि नहीं तो विरोध करेंगे पारा शिक्षक, अब आश्वासन नहीं परिणाम चाहिएः संजय दूबे

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

एकीकृत पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा का शिष्टमंडल माननीय मंत्री जगरनाथ महतो से मिला और पारा शिक्षकों के स्थायीकरण, वे. तनमान को लेकर दो टूक मंत्री जी को सांगठनिक निर्णय से अवगत कराया.। शिष्टमंडल ने मंत्री जी से स्पष्ट कहा कि पारा शिक्षकों को आश्वासन की घुट्टी नहीं बल्कि परिणाम चाहिए।सरकार बने दो वर्ष हो गए। दर्जनों कैबिनेट हुए,। हजारों निर्णय हुए.। यदि नहीं हुआ तो बस पारा शिक्षकों की समस्याओं का निदान। चुनाव पूर्व सरकार बनने के तीन माह में पारा शिक्षकों का स्थायीकरण, वेतनमान का वायदा करने वाले मुख्यमंत्री जी अब पारा शिक्षकों के लिए एक शब्द भी नहीं बोलते ! मंत्री जी ने आश्वासन दिया कि वे अपने स्वास्थ्य जांच हेतु दो दिनों के लिए कल चेन्नई जा रहे हैं। लौटने के बाद संघीय शिष्टमंडल एवं विभागीय अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक करेंगे एवं नियमावली को अंतिम रूप देंगे। परंतु लगातार आश्वासन एवं टलते समय से राज्य के तमाम 65 हजार पारा शिक्षकों में निराशा के साथ आक्रोश व्याप्त है.। राज्य के पारा शिक्षक अब इंतजार नहीं करेंगे। 31 अक्टूबर को राज्य के सभी प्रखंडों में बैठक कर 15 नवंबर को रांची कुच की तैयारी करेंगे। सभी प्रखंड कमेटी बैठक के पश्चात अपने अपने विधायक को भी 15 नवंबर को रांची में पारा शिक्षकों के साथ कुच करने हेतु आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। शिष्टमंडल में बिनोद बिहारी महतो, संजय कुमार दुबे, हृषिकेश पाठक, प्रमोद कुमार, दशरथ ठाकुर, मोहन मंडल, प्रद्युम्न कुमार सिंह (सिंटू) आदि लोग मौजूद थे।

## हेमंत सरकार में झारखंडी वर्दीधारी युवा भीख मांगने को मजबूर : भाजपा युवा मोर्चा

**अपेम लाइव : रांची**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



रीतेश सिंह

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता रीतेश सिंह ने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस की सरकार ने झारखंडी युवाओं के साथ धोखा किया है। गठन के समय से ही सरकार युवाओं को रोजगार देने और बेरोजगारों को जब तक रोजगार नहीं मिलेगा तब तक बेरोजगारी भत्ता देने जैसे हसीन सपने दिखाकर सरकार दो बना ली परंतु ना तो रोजगार का पता और ना ही बेरोजगारों को भत्ता मिल पा रहा। इतना ही नहीं भाजपा सरकार के कार्यकाल के समय जिन युवाओं को नौकरी मिली थी, आज वह भी बेरोजगार हो गए हैं। 2500 वर्दीधारी युवाओं को हेमंत सरकार इतना मजबूर कर दिया कि उन्हें आंदोलन करने के लिए भी भिक्षाटन करना पड़ रहा है। वर्दीधारी युवाओं के भिक्षाटन करने से पूरी वर्दी आज अपमानित महसूस कर रही है। अन्य पुलिसकर्मियों का भी मोरल कमजोर हुआ है। अपने हक की लड़ाई में कितनी मातृशक्ति अपने नन्हे बच्चों के साथ मैदान में डटी हुई है और झारखंड सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही। हेमंत सरकार के पास मंत्रियों के बंगले बनाने के लिए बजट है, परंतु युवाओं का भविष्य बनाने के लिए पैसा नहीं है। रोज कितने ही विभागों के टेंडर निकल रहे हैं जो उतने आवश्यक नहीं है जितने कि युवाओं का भविष्य। परंतु हेमंत सरकार युवाओं के प्रति आंख बंद किए हुए हैं। ज्ञात हो सहायक पुलिस रांची में अपने आंदोलन को जारी रखने के लिए रांची में भिक्षाटन कर रहे हैं।

APEM LIVE




अपनी खबरें अपेम लाइव न्युज मे प्रकाशित करने के लिए संर्पक करें
9122222016, 9550809864, 9431129570

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ऑडियो वीडीओ प्रचार सॉंग बनाने के लिए संपर्क करेंः
राज आर्यन उर्फ छोटी , मो0 6203686926

## चौपारण भाग 2 से जिला परिषद प्रत्यशी मनोज कुमार सिंह ने विभिन्न गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान

### क्षेत्र कि समस्या एवं कुरूतीयों को दुर करना मेरी पहली प्रार्थमिकता : मनोज सिंह

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**


जनसंपर्क अभियान मे शामिल मनोज सिंह व अन्य

प्रखंड के भाग दो के जिला परिषद उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह ने जन. संपर्क अभियान के तहत विभिन्न गाँवो का किया दौरा किया। जिसमें पवई, केसठ, कमलवार , नरैना , पाण्डेयबारा, मायापुर ,आरापगार, चपरीकला, जगद. ीशपुर ,गंगाआहार, पिपरा, बेला ,नावाडीह ,केन्दुआ एवं कुतलू में जाकर लोगो को अपना विजन बताये और साथ ही साथ सभी की समसयाओं को सुना। उपस्थित लोगों ने यह नारा दिया कि जन जन ने यब ठाना है, मनोज भैया को जीताना है। मोके पर प्रमोद सिंह,गणेश साव, सुदीप सिंह, रामोतार सिंह, सिकंदर चंद्रवंशी, विक्की प्रजापति, संतोष साव, अंकित साव, सीताराम साव, बंटी सिंह, ज्वाला प्रताप सिंह, प्रकाश प्रजापति, नवरतन पांडे, विकास कुमार दास, सुनील साव, मुहम्मद मोअज्जम, जुबैर अहमद, मुहम्मद कासिम, उमैर अहमद, गुफरान अंसारी, हक अंसारी, मुहम्मद मोईन उद्दीन, रफीक अंसारी, मोलवी बशारत, सेराज अंसारी, वकील अहमद, मुहम्मद रहीम, विशाल कुमार यादव, रविश सिंह, पप्पु सिंह, सन्नी कुमार गुप्ता, शाहिद अंसारी श्रावण पांडे, अशोक पांडे मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पंचायत चुनाव की आहट से सत्तासीन की बढ़ी घबराहट, सोशल मीडिया पर एक्टिव हुए दावेदार

### जनता को रिझाने को लेकर वादों की लगा रहे झड़ी, मतदाता ख़ामोश इंतज़ार कर रहे है चुनाव की घड़ी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**अजीत कुमार**





प्रखण्ड में पंचायत चुनाव को लेकर संभावित प्रत्याशी व उनके समर्थक सोशल मीडिया का सहारा ले रहे है। कोई खुद को बेहतर बताने में जुटा है तो कोई मतदाताओं को रिझाने में लगे है।गांव की सरकार बनाने को लेकर गांवों में हलचल बढ़ गई है। चुनाव की आहट के साथ जहां सत्तासीन मुखिया की घबराहट बढ़ गई है वहीं कई दावेदार लोगो को रिझाने में जुट गए है। गांवों में पंचायत चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज़ हो गई है।वहीं मतदाता खामोश चुनाव की घड़ी का इंताजर कर रही है। अब देखना दिलचस्प होगा कौन प्रत्याशी जनता के दिलो में जगह बना पाती है। प्रखण्ड के 17 पंचायतों में कुल 86 हज़ार 9 सौ 15 मतदाता गांव की सरकार के भाग्य का फैसला करेंगें। बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत के 15 बूथों में कुल 4478 मतदाता में 2368 पुरुष और 2110 महिला, बरकट्ठा उत्तरी पंचायत के 11 बूथों में 4398 में कुल 2312 पुरुष और 2086 महिला, चुगलमो पंचायत के 13 बूथों में 2687 पुरुष और 2368 महिला, बरकनगंगो पंचायत के 14 बूथों में 2565 पुरूष और 2296 महिला, गैड़ा पंचायत के 14 बूथों में 2545 पुरुष और 2347 महिला, बेडोकला के 17 बूथों में 3025 पुरुष और 2680 महिला, तुईयो पंचायत के 16 बूथों में 2713 पुरूष और 2564 महिला, कपका पंचायत के 17 बूथों में 3156 पुरूष और 2891 महिला, गंगपाचो पंचायत के 12 बूथों में 2243 पुरुष और 2032 महिला, गायपहाड़ी पंचायत के 13 बूथों में 2675 पुरुष और 2338 महिला, सलैया पंचायत के 14 बूथों में 2933 पुरुष और 2623 महिला, झुरझुरी पंचायत के 13 बूथों 2686 पुरुष और 2326 महिला, कोनहारा खुर्द पंचायत के 15 बूथों में 2660 पुरुष और 2510 महिला, चेचकप्पी पंचायत के 14 बूथों में 2389 पुरुष और 2320 महिला, बेलकप्पी पंचायत के 16 बूथों में 3162 पुरुष और 2858 महिला, शिलाडीह पंचायत के 15 बूथों में 3022 पुरुष और 2729 महिला, गोरहर पंचायत के 15 बूथों में 2361 पुरुष और 2335 महिला मताधिकार करेंगे। गौरतलब है कि प्रखंड में 2 जिला परिषद सदस्य, 17 मुखिया, 24 पंचायत समिति सदस्य एवं कुल 244 वार्डो का चुनाव होना हैं। इस त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रखंड में 2 जिला परिषद 17 मुखिया, 30 पंसस,1 प्रमुख और 244 वार्ड सदस्य का चुनाव होना हैं।

## आज का पंचाङ्ग----

**आज का अंग्रेजी दिनांकः---27.10.2021**
**शुभसंवत् :---2078(आनंद)**
**शकेः---1943**
**याम्यायन याम्यगोलरू**
**ऋतुः---शरद**
**माहः---कार्तिक**
**पक्षः--कृष्ण पक्ष**
**तिथिः---षष्ठी तिथि प्रातः 06:46 तक उपरांत सप्तमी तिथि**
**दिनः---बुधवार**
**नक्षत्रः---पुनर्वसु नक्षत्र**
**योगः---सिद्ध**
**करणः---व**
**सूर्योदय :---प्रातः 06:24**
**सूर्यास्त : संध्या 05:36**
**सूर्य :---तुला राशि में**
**चंद्रमा :---मिथुन राशि में**
**आज का राहूकाल दिनः---12:00 बजे से दिनः---01:30 बजे तक**
**अभिजीत मुहूर्तः-दोपहर 11:36 से 12:24 तक**
**(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)**
**आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः--आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से वाणी से संबंधित समस्या दूर होता है।**



**आलेखः-**
**संदीप शर्मा**
**वास्तु,कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श**
**पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर**
**इटखोरी, चतरा**
**सम्पर्क सूत्र-9931585660**







## बरकट्ठा बाजार से बाइक की चोरी, आवेदन देकर खोजबीन की लगाई गुहार

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**अजीत कुमार**



साप्ताहिक बाजार बरकट्ठा से मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत रेखा कुमारी पति रतनेश कुमार गोरहर निवासी ने बरकट्ठा थाना में आवेदन दिया है। जिसमें कहा है कि देते मैं अपने पति के साथ साप्ताहिक बाजार बरकट्ठा आई और अपनी मोटरसाइकिल पैशन प्रो संख्या जेएच 10 एबी 7550 जीटी रोड किनारे खडी कर सामान लाने बाजार गई। करीब बीस मिनट के बाद लौटने पर देखा कि मोटरसाइकिल अपनी जगह से गायब है। काफी खोजबीन के बाद भी कहीं पता नहीं चल पाया। पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है।

**अपेम लाइव न्यूज**
**संध्या दैनिक अखबार के लिए प्रखंड स्तर पर संवाद सूत्र (पत्रकार) की जरूरत**

यदि आपमें अपने समाज के दबे कुचले, अभिवंचित वर्ग के लिए कुछ करने की जूनून है, यदि आप भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना चाहते हैं। यदि आप निःस्वार्थ भाव से पत्रकारिता करने को इच्छुक हों तो आप अपेम लाइव न्यूज संध्या दैनिक अखबार से जुड सकते हैं।

**जिला : हजारीबाग**
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है- ईचाक, चरही, बडकागांव, कटकमसांडी, हजारीबाग सदर, कट. कमदाग, पदमा, दारू, विजैया, चलकुसा

**जिला : चतरा**
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है- ईटखोरी, टंडवा, चतरा सदर, कन्हाचट्टी, प्रतापपुर, सिमरिया, मयूरहंड, हंटरगंज, लावालौंग,गिद्धौर,

**जिला : कोडरमा**
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है- कोडरमा सदर, जयनगर, मरकच्चों, डोमचांच, सतगांवा

योग्यताः स्नातक , स्मार्ट मोबाइल हो, कंप्यूटर की जानकारी हो

संपर्क सूत्रः 9550809864, 9431129570, 9934337941
Email: liveapem@gmail.com (for Resume)

**अपेम लाईव न्युज मे विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**
**9550809864, 9122222016**

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## विधायक उमाशंकर अकेला ने खींची है विकास की नई लकीर, बहुत जल्द दिखेगा बदलाव : डॉ निजामुद्दीन

## जिलाउपाध्यक्ष ने विधायक द्वारा किये जा रहे विकास योजनाओं का खाका किया प्रस्तुत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



डॉ निजामुद्दिन

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया सेल प्रभारी बरही विधानसभा क्षेत्र के डoक्टर निजामुद्दीन अंसारी ने एक बयान जारी कर कहा है। कि बरही विधानसभा के वर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला के अथक प्रयास से ही बरही विधानसभा विकास की गति पकड़ रहा है। डoक्टर अंसारी ने कहा कि जनता की चिर परिचित मांगों को विधायक ने विधानसभा के पटल पर और विधानसभा के निवेदन समिति के सभापति के अध्यक्ष होने के नाते विभिन्न योजनाओं और जन समस्याओं को जिस ढंग से उठाने का काम किया है वह सराहनीय कार्य है। इसी प्रकरण में डीवीसी द्वारा 1952 में तिलैया डैम परियोजना के लिए 56 मौजा के ग्रामीणों को विस्थापित किया गया था। इस बीच विधानसभा में कई विधायकों ने जनता का प्रतिनिधित्व करने का कार्य किया लेकिन जनता की ज्वलंत समस्याओं को उन्होंने अनदेखा किया। जिसका खामियाजा एक बरही विधानसभा के लोगो को उठाना पड़ा, वर्तमान विधायक ने 2009 से 14 तक के अपने कार्यकाल में बड़ी बड़े पुल पुलिया बड़ी बड़ी सड़कों का जहां जाल बिछाने का कार्य किया। इसे जनता को आवागमन में सुविधा हुई वहीं दूसरी तरफ डीवीसी द्वारा विस्थापित परिवारों के हक में विधानसभा के पटल पर लड़ाई लड़कर जमीनों की रसीद जो नहीं कट रही थी। उसका आदेश निकालने का कार्य किया है आज उसी का नतीजा है की बरही विधानसभा के अंतर्गत पड़ने वाले बरही चौपारण एवं चंदवारा प्रखंड के सैकड़ों गांव के ग्रामीणों का डीवीसी द्वारा दिए गए जमीनों की रसीद नहीं कट रही थी। इसे सभी अंचलाधिकारी रात दिन एक कर ग्रामीणों के कार्य में लगे हुए हैं, और शीघ्र ही सभी ग्रामीणों की रसीद कटेगा। इसी प्रकरण में चंदवारा प्रखंड में डीवीसी ने 504 एकड़ जमीन का बंदोबस्त अंचल कार्यालय से अपने नाम करवाया है। अब जिन लोगों को डीवीसी द्वारा विस्थापित उपरांत जमीन का पर्चा दिया गया था अब उन किसानों के नाम से कानूनी रूप से रसीद काटना प्रारंभ हो गया है। विस्थापित गांव में बरही प्रखंड के श्रीनगर और कोलंगा मौजा के अंश भाग में ग्रामीण वन विभाग के जमीनों पर बस गए हैं। इसके लिए विधायक ने 13 सितंबर 2021 को विधायक उमाशंकर अकेला ने निवेदन समिति के सभापति के हैसियत से झारखंड विधानसभा में एक बैठक बुलाया। इस बैठक में बरही प्रखंड के पंचमाधव एवं श्रीनगर गांव की चर्चा हुई। बैठक में वन विभाग के पीसीसीएफ, (मुख्य वन संरक्षक), उपायुक्त हजारीबाग उपनिदेशक डीवीसी को इस बैठक मैं बुलाया गया बैठक में कमेटी ने निर्णय लिया कि इन दो गांव की समस्या को समाधान करने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया इस कमेटी में बरही विधायक की अध्यक्षता में समाहर्ता हजारीबाग, जिला वन पदाधिकारी पश्चिमी प्रमंडल हजारीबाग बरही अंचलाधिकारी को इस कमेटी का मेंबर बनाया गया है। कमेटी जांच करेगी कि 1952 में ग्रामीणों को विस्थापित किया गया और 1980 में वन विभाग का कानून बना फिर किन परिस्थितियों में वन विभाग ने 1952 से बसे उस गांव को 80 में



उमाशंकर अकेला, विधायक

बने कानून के तहत लाकर श्रीनगर और को लंगा का अंश भाग को वन विभाग में शामिल किया गया। इसलिए अब उन गांव को 1952 की स्थिति बहाल करते हुए ग्रामीण जो दोनों गांव में बसे हुए हैं। उन्हें वन विभाग पट्टा मुहैया कराएगा इस प्रकार इन दोनों गांव की समस्या भी समाप्त होगी। इसी प्रकार बरही शहरी क्षेत्र के पांच पंचायतों कोनरा बरही पूर्वी बरही पश्चिमी बंदगी एवं रसोईया धमना को पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए 2009 से 14 तक के कार्यकाल में द्वारा तिलैया रोड स्थित पहाड़ी पर पानी टंकी बनाकर तिलैया डैम से जल आपूर्ति के लिए 9 करोड रुपए का व्यवस्था डीवीसी से करवाया गया था। दुर्भाग्य से 2014 में विधायक उमाशंकर अकेला के चुनाव हार जाने के बाद योजना ठप पड़ गया जो प्रतिनिधि थे 14 से 19 तक उन्होंने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिसका नतीजा यह है कि बरही शहरी क्षेत्र को भी पेयजल की आपूर्ति एक लंबे समय से बाधित है। इस दिशा में विधायक ने निवेदन समिति के सभापति के रूप में झारखंड विधानसभा में डीवीसी के पदाधिकारियों को और राज्य सरकार के पदाधिकारियों को बुलाकर बकाया राशि तीन करोड़ रुपया आवंटन करवाने का काम विधायक ने किया है। जल्द ही एक वर्ष के अंदर यह पेयजल की सुविधा बरही शहरी क्षेत्र को मिलने लगेगा। इसके अलावा बरही में महिला कoलेज की स्थापना, स्टेडियम की स्थापना, कृषि विभाग से कृषकों के लिए जगह-जगह कोल्ड स्टोरेज बनवाने का कार्य के अतिरिक्त कृषि के क्षेत्र में विभिन्न तरह की योजनाएं अगले साल से क्षेत्र को देखने को मिलेगा। झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सरकार के मंत्रिमंडल के सहयोग से बरही विधानसभा में कई योजनाएं अगले साल धरातल पर उतरेगा। जो बरही के लिए विकास के मामले में मील का पत्थर साबित होगा कोनरा बरही में स्थित रियाडा औद्योगिक विकास केंद्र में पूर्व में बाहर के लोग कार्य करते थे। विधायक ने अनुमंडल पदाधिकारी बरही के कार्यालय में सभी उद्योगपतियों को बुलाकर स्पष्ट निर्देश दिया है। जिन लोगों का जमीन रियाडा के द्वारा अधिग्रहण की गई है। इन विस्थापित परिवारों को सबसे पहले रोजगार मिलेगा जो टें. क्नकल काम है। वह कंपनी के लोग बाहर से इंजीनियर बुलाकर काम करा सकते हैं। लेकिन मैटेरियल सप्लाई बिल्डिंग, कंस्ट्रक्शन का काम में आने वाले सामग्रियों की सप्लाई और मजदूर सभी स्थानीय होंगे यही वजह है, कि आज ज्यादा में सैकड़ों युवक विभिन्न प्रकार के रोजगार में लग कर अपने परिवार के लोगों का पेट भर रहे हैं। विधायक उमाशंकर अकेला के कार्यकाल में रंगदारी गुंडागर्दी एवं भय की राजनीति समाप्त हुई है। कोई भी व्यक्ति विधायक से बेबाक होकर बात कर रहा है, और अपनी बात बेबाकी से विधायक के समक्ष रखने का कार्य कर रहा है डoक्टर अंसारी ने कहा कि विकास कि वह गति जो उमाशंकर अकेला बरही में बहा सकते हैं, किसी अन्य में दम नहीं है। पिछले बार के विधायक कार्यकाल में उन्होंने यह साबित किया जिसके कारण 2009 से 14 तक के विकास के कारण बरही विधानसभा को झारखंड में दूसरे स्थान पर विकास के मामले में रखा गया था। या सिर्फ उमाशंकर अकेला ही कर सकते हैं।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## चौपारण जिला परिषद भाग 2 के योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबों का मसीहा, भावी उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह । जानिए इनके बारें में.



मनोज कुमार सिंह, जिप प्रत्यशी, चौपारण भाग 2

### पारिवारिक पृष्ठभूमि

नामः मनोज कुमार सिंह
पिताः स्व रामलखन सिंह
निवास स्थानः कुतलू
पंचायतः जगदीशपुर
जिला परिषद क्षेत्रः चौपारण भाग 2
पेशाः व्यवसाय एवं समाजसेवा

### राजनीतिक व समाजिक पृष्ठभूमि

राजनीतिक

1. भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य,
2. भाजपा झारखंड सेल अध्यक्ष, मुंबई,

सामाजिक

1. झारखंडवासी महाराष्ट्र युवा मंच कोर कमेटी अध्यक्ष

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1.चौपारण के प्रवासी मजदूरों के लिए चौपारण क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्थ करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. चौपारण में स्नातक स्तर का कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना ।
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं चौपारण में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना ।
9. किसानों के खेतो तक सिंचाई के लिए लिफ्ट इरिगेशन की व्यवस्था करना ।
10.कुंभकार भाईयों सहित सभी तमरह के कारीगरों को प्रशिक्षण की व्यवस्था कर स्वरोजगार से जोडना ।

## चौपारण भाग 2 के भावी उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह के द्वारा किए गए कार्यों की कुछ झलकियां, जनता का समर्थन, अर्शीवाद से बदलेगा चौपारण की तस्वीर ..



बच्चो एवं महिलाओं के बीच छतरी का वितरण करते मनोज कु सिंह



प्रवासी मजदूर का शव का भिजवाते मनोज कुमार सिंह



बच्चों के बीच पुस्तक वितरण करते मनोज कुमार सिंह



खिलाडियों को सम्मानित करते मनोज कुमार सिंह



ईद मिलादून्नबी की मुबारक बाद देते मनोज कुमार सिंह



ग्रामीणों की समस्या से अवगत होते मनोज कुमार सिंह



महिला सशक्तिकरण पर चर्चा करते मनोज कु सिंह



सहयोगियों के साथ स्वरोजगार पर चर्चा करते मनोज सिंह



युवाओं के साथ रोजगार पर चर्चा करते मनोज सिंह



अपनी विचार व्यक्त करते मनोज कुमार सिंह



ट्रॉफी देते मनोज कुमार सिंह



कृषि चौपाल लगाते मनोज कुमार सिंह

निवेदकः प्रमोद सिंह, समाजसेवी, चौपारण जिला परिषद भाग 2

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## झारखंड ग्रामीण बैंक ने मृतक के परिजन को बीमा योजना का लाभ दिया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



चेक प्रदान करते प्रबंधक

बड़कागांव झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक बड़कागांव शाखा परिसर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, (पी एम जे जे बी वाई ) के अंतर्गत मृतक अंजू देवी के पति रामचंद्र राणा नॉमिनी ग्राम आराहरा को 200000 का चेक दिया गया । शाखा प्रबंधक जितेंद्र यादव ने कहा कि हमारे शाखा में आकर बीमा करवा सकते हैं। जैसे 1,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना ,जिसकी बीमा राशि वार्षिक 12 रुपैया है । 2, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, जो वार्षिक राशि 330 रुपैया है। 3, अटल पेंशन योजना, जिसमें पेंशन के रूप में आयु 40 वर्ष तक के लोग करवा सकते हैं ।जिसमें प्रतिमाह रु 5000 , पेंशन के रूप में मिलता रहेगा । 4, एसबीआई, पीएआई बीमा योजना, हमारे शाखा में उपलब्ध है। जिसके तहत सालाना 1000 देककर 20 लाख का दुर्घटना बीमा कबर करती है । साथ ही जे आर जी बी में हर तरह के लोन देने का सुविधा उपलब्ध हैं। कार लोन, होम लोन, व्यपार लोन, किसान क्रेडिट कार्ड, इत्यादि है । जुगरा निवासी कृष्णा राम ने कहा कि सरकार का बीमा योजना करवाना चाहिए साथ ही कम जमा राशि में निर्धारित राशि का लाभ लेना चाहिए । मौके पर प्रबंधक जितेन्द्र यादव, उप प्रबधक मो, शमीम खान, कैशियर दर्शन रविदास, गणेश पासवान, कृष्णा राम, रामचंद्र राणा, शशि तुरी, भुवनेशर प्रजापति ।

## पंचायत समिति सदस्य बासमती देवी ने किया नाली निर्माण योजना का शिलान्यास

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



नाली का निर्मान कार्य करवाते

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सांढ पंचायत के ग्राम सांढ में मंगलवार को प्रखंड कार्यालय बड़कागांव पंचायत समिति, 15वें वित्त आयोग मद से नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास सांढ पंचायत समिति सदस्य बासमती देवी ने नारियल फोड़कर किया। सांढ गांव में देवनारायण महतो के घर से प्रदीप महतो के घर तक निर्माण कार्य कराया जाएगा। दर्जनों घरों से पानी निकासी को लेकर जलजमाव ,प्रदूषण व ग्रामीणों के बीच आपसी उलझन की समस्या बनी हुई थी, जिसे लेकर स्थानीय ग्रामीण बार-बार नाली निर्माण की मांग कर रहे थे, ग्रामीणों की मांग को समझते हुए पंचायत समिति सदस्य बासमती देवी के सार्थक पहल प्रयास तथा अनुशंसा के बाद पूरा किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य बा. समती कुमारी, विनोद प्रसाद,, देव नारायण प्रसाद, मनेश्वर महतो, तपेश्वर कुमार देवाली महतो टे. कलाल कुमार रीना देवी, देवंती देवी, रेखा देवी ,पूनम देवी, पूजा कुमारी यादि दर्जनों महिला पुरुष ग्रामीण उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण विषय पर बीएम मेमोरियल स्कूल में क्यूज प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथि

हजारीबाग रोड स्थित बी एम मेमोरियल स्कूल में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण विषय पर बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हजारीबाग जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ० कुमार रंजन, पीएमडब्ल्यू मुकेश कुमार, सहायक चिकित्सक सुधीर कुमार आजाद उपस्थित थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेहान फजल ,द्वितीय स्थान शालू कुमारी, तृतीय स्थान नितेश कुमार मेहता ने प्राप्त किया। तीनों प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट के साथ-साथ पुरस्कृत भी किया गया । जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ कुमार रंजन सभी छात्र छात्राओं को तंबाकू एवं उन से बने पदार्थ सिगरेट,बीड़ी, खैनी, जर्दा पान मसाला, गुट्खा,सिगार,हुक्का इत्यादि के सेवन से दुष्परिणाम के बारे में सभी बच्चों को विस्तार से बताया। मौके पर उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा, प्राचार्य कैलाश कुमार, उपप्राचार्य पूनम कुमारी, शिक्षा विभाग के चेयरमैन रंजीत कुमार, विनोद कुमार नायक,संदीप शर्मा,अमीन अंसारी, सोनू कुमार विकास कुमार, सुरमा केरकेट्टा, अन्नू देवी, अंजू कुमारी, भारती कुमारी, मनीषा कुमारी, आँचल कुमारी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## भारत इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक का पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने किया उद्घाटन

### बड़कागांव के लोग व्यवसाय में आगे बढ़े : लोकनाथ महतो

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



दुकान का उदघाटन करते लोखनाथ महतो व अन्य

भारत इलेक्ट्रॉनिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक बड़कागांव का पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने फीता काटकर किया। बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित पेट्रोल टंकी के बगल में पाट्र्स दुकान का उद्घाटन किया गया।पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा की गर्व की बात है कि आज हमारे बड़कागांव में भी लो व्यवसाय की ओर आगे बढ़ रहे हैं और इसी कड़ी में भारत इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्र०निक की दुकान खुलने से क्षेत्र के लोगों एवं दुकानदारों को काफी सुविधा होगी। भारत इलेक्ट्र०निकल दुकान के मालिक प्रोफेसर मोहम्मद कलीम ने बताया कि हमारे दुकान में फ्रिज कूलर पंखा आदि के पाट्र्स अच्छे एवं सस्ते दर पर उपलब्ध कराई जाएगी। ग्राहकों के लिए अच्छी क्वालिटी का सामान उपलब्ध। वहीं मौके पर उपस्थित एक्सिस बैंक बड़कागांव के शाखा प्रबंधक कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि बिजनेस के क्षेत्र में आगे बढ़े हमारी शाखा से जो भी सुविधाएं संभव हो सहायता करने के लिए सदैव तत्पर है। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो मुखिया,एक्सिस बैंक शाखा प्रबंधक कृष्णा सिंह,मुखिया विष्णु रजक,रामपति राम, फिरोज आलम, मो. यासीन, पप्पू खान, मकसूद आलम,मो सद्दाम, तनवीर आलम, मो. शकीम सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## यूनाइटेड एफसी फुटबॉल टूर्नामेंट मैच उरेज का फाइनल मुकाबला संपन्न

### लड़कों में गुड़कुवा एवं लड़कियों में अंबाटोला की टीम ने कब्जा जमाया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



विजेता टीम को पुरस्कृत करते अतिथि

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत अंगों पंचायत के उरेज फुटबॉल ग्राउंड में यूनाइटेड एफसी फुटबॉल टूर्नामेंट उरेज का फाइनल मुकाबला खेला गया।मैच की अध्यक्षता जयनंदन गंजू एवं संचालन जागेश्वर गंजू के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बड़कागांव थाना प्रभारी गौतम कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि बर्तन का प्रमुख राजमुनी देवी आंगों पंचायत मुखिया सीता मरांडी एवं प्रमुख प्रतिनिधि कालेश्वर गंझू ने फुटबॉल को किक मारकर विधिवत फाइनल मुकाबला का शुभारंभ किया। फाइनल मुकाबला लड़कों का कर्माटीला बनाम गुड़कुवा के बीच खेला गया।जिसमें गुड़कुवा की टीम ने चार गोल से मैच पर कब्जा जमाया।वहीं लड़कियों का मुकाबला लोहरसा बनाम अंबाटोला के बीच खेला गया।जिसमें अंबाटोला की टीम ने एक गोल से विजय प्राप्त किया। विजेता लड़कों की टीम को प्रथम पुरस्कार के रुप में 20000 का चेक प्रदान किया गया एवं द्वितीय पुरस्कार के रूप में 15000 का चेक प्रदान किया गया। वहीं अन्य पुरस्कार के रुप में पांच-पांच हजार तथा एक - एक हजार रुपए का चेक देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुख्य रूप से संरक्षक महमूद खान, मुखिया प्रतिनिधि महादेवा,सचिव संजय गंझू, कोषाध्यक्ष विशाल गंझू, संजय करमाली, चरका करमाली, विमल टूडू , चरका करमाली, श्याम ठाकुर, राजीव रंजन, एतवा गंझू, जागेश्वर तुरी , बलदेव गंझू , टिकेंद्र गंझू, मैनेजर गंझू, नागेश्वर गंझू, पलटू गंझू, वीरू गंझू, रविंद्र गंझू, शिवनाथ गंझू, तमिल गंझू, बुधराम गंझू, कमल गंझू,महेश महतो, कर्पूरी ठाकुर, अरविंद सिंह, शमशेर आलम सहित टूर्नामेंट क्लब के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## बगोदर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



ट्रांसफार्मर उद्घाटन के बाद ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक प्रतिनिधि

विष्णुगढ़ प्रखंड के नवादा पंचायत अंतर्गत अंसारी नगर में बगोदर विधायक प्रतिनिधि सह माले नेता शेख तैयब ने 100 केबीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन फीता काटकर किया। इसके साथ हीं अंसारी नगर में कई दिनों से बाधित बिजली आपूर्ति बहाल हो गई। बता दें कि अंसारी नगर में विगत कई दिनों से बिजली का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बगोदर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब को दी। उन्होंने मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर दो दिनों के भीतर 100 केबीए का ट्रांसफार्मर अंसारी नगर तक पहुंचवाया। इस मौके पर शेख तैयब ने कहा कि अपने क्षेत्र की जनसमस्याओं को हल करने और विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। जो भी जनसमस्याएं मेरे संज्ञान में आती है, उसे हरसंभव हल करने का प्रयास करूंगा। मौके पर हाजी हनीफ, मो रीजवानुल होदा, नसीम अंसारी, मोकिम अंसारी, जसीम अंसारी, जाकिर अंसारी, वहाब अंसारी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

**आप भी है पत्रकार, आप अपने आस पास की समस्या, घटना से अपेम लाइव न्यूज को अवगत करा सकते हैं।**
**संपर्क-9431129570**

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## दतुन-पतय बेच के जियो-खा हियो बेटा, बूढा-बूढी के नीमक-रोटी के येहे सहारा हव..

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**

**राज कुमार यादव**

दतुन-पतय बेच के जियो-खा हियो बेटा, बूढा-बूढी के नीमक-रोटी ऐकरे से चलो हव...बजरवा दिन दतुन-पतय बेच के हफ्ता दिन गुजर-बसर चलाओ हियो.....यह कहना है टाटीझरिया प्रखंड के सुदूर क्षेत्र बेडम निवासी अकल कमार का। मौसम चाहे जो हो ठंड, गर्मी, पतझड़ या बरसात 80 वर्षीय अकल कमार मंगलवार के दिन सुबह में आपको टाटीझरिया चौक के गुलाबजामुन होटलों में दतुन-पतय बेचते मिल जाएंगे। उम्र के इस पडाव पर भी ये वृद्ध आज भी मेहनत कर जीविकोपार्जन कर रहा है। सहारे के लिए अपने थरथराते हाथ में लाठी रखे अकल कमार करंज, सखुआ के पांच रुपये मुठ्ठा दतुअन बेचकर बाजार के दिन 100-150 रुपये की कमाई करते हैं।



दतुन बेचते अकल कुमार

बताया कि उसकी पत्नी गंगिया देवी और उसका गुजर-बसर ऐसे ही चल रहा है। पहले मेहनत-मजदूरी कर के जिंदगी कट रही थी।

**उम्र बढा तो अकल कमार जीवनयापन के लिए बेचने लगे दतुअन**

अब जब उम्र बढा तो पिछले 8 वर्षो से वह अपना जीवनयापन दतुन-पतय के ही सहारे कर रहे हैं। टाटीझरिया मंगल बाजार के अलावा वह रविवार को दारू बाजार और गुरूवार को झुमरा बाजार भी दतुअन बेचने जाया करते थे। चलने-फिरने में जब अधिक परेशानी होने लगी तो ल०कड०उन के बाद से वह सिर्फ टाटीझरिया बाजार ही आते हैं। रास्ते में दतुअन लेकर इन्हें पैदल चलता देख लोग लिफ्ट देकर चौक तक पहुंचा देते हैं। इसके दो बेटे हैं तिलका कमार और मीठका कमार। दोनों बेटें अलग-अलग रहते हैं। वह मीठका कमार के साथ रहता है। पूछने पर उन्होंने बताया कि वृद्धा पेंशन और राशन तो मिलता है। कहा कि प्रधानमंत्री आवास मिल जाता तो दोनों वृद्ध दंपति की जिंदगी थोडी बेहतर व्यतीत होता। क्षेत्र में ऐसे कई बुजुर्ग दंपति हैं जो वनोपज बेचकर हाट बाजारों से पैसे जुटा रहे हैं। आर्थिक रूप से बेहद पिछड़े होने के कारण गांव के कई वृद्ध लोग कड़ी मेहनत कर गुजर-बसर कर रहे हैं। अकल कमार की दास्तां यही बयान कर कर रही है।

## विधायक जेपी पटेल ने की विष्णुगढ़ में सोना सोबरन धोती साड़ी योजना की शुरूआत

### राशन कार्डधारियों को बीच बांटे धोती-साड़ी व लुंगी

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**

**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में सोना सोबरन योजना के तहत लाभुक को

विष्णुगढ़ में मंगलवार से झारखंड सरकार द्वारा सोना सोबरन धोती साड़ी योजना की शुरूआत हो गई। मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कुसुंभा पंचायत में पीडीएस लाभुकों के बीच धोती साड़ी व लुंगी देकर प्रखंड में योजना का उद्घाटन किया। मौके पर विधायक ने कहा कि राज्य में पीडीएस के तहत अनाज व अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण होता आया है। अब सरकार ने पीडीएस के माध्यम से कपड़ा भी उपलब्ध कराया है। योजना के तहत साल में लाभुकों को दो बार धोती साड़ी दिया जाएगा। इससे उन्हें सहूलियत होगी। विधायक ने उपस्थित प्रखंड पदाधिकारियों से इस योजना का लाभ लाभुकों के बीच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विधायक ने उपस्थित सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की बात कही। इसके लिए अपनी ओर से यथासंभव मदद का भरोसा दिया। इसके अलावा प्रखंड के योग्य सभी बुजुर्गो के लिए लागू पेंशन योजना की शीघ्र स्वीकृति देते हुए लाभ दिलाने का निर्देश दिया। विधायक जेपी पटेल ने कुसुंभा पंचायत के बाद प्रखंड के जोबर पंचायत भवन में भी योजना के तहत लाभुकों के बीच साड़ी धोती तथा लुंगी का वितरण किया। मौके पर बीडीओ संजय कुमार कोंगारी, एमओ आलोक कुमार, गुरु प्रसाद साव, महादेव महतो, हिरामन महतो, राजेश सोनी, जीवन सोनी, बासुदेव महतो, संजय कुमार महतो, महेंद्र कुमार महतो, जगरनाथ महतो, सुरेश मंडल, हेमलाल साव समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## भाजपा एससी मोर्चा अध्यक्ष को मातृशोक

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**

**मिथिलेश गोल्डी**

भाजपा के विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष महेन्द्र राम की माता मुंद्रिका देवी का दे. हावसान मंगलवार को हो गया। वे लगभग 75 वर्ष की थी। मंगलवार को स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और शोक जताया।

## सोना सोबरन योजना के धोती, लुंगी साड़ी के वितरण का विधायक अंबा प्रसाद ने किया शुभारंभ

### धोती, लूंगी, साड़ी योजना का लाभ गरीब जनता को होगा प्राप्त : अंबा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना का शुभारंभ बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने किया। इस दौरान प्रखंड के बीडीओ जितेंद्र पांडे मौजूद रहे। कार्यक्रम में दर्जनों राशनकार्ड अब अंत्योदय कार्डधारी लाभुकों के बीच धोती, साड़ी एवं लुंगी का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि योजना के तहत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के तहत खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के माध्यम से गरीबों को 10-10 रुपये में साल में दो बार धोती-साड़ी बांटी जाएगी। आगे उन्होंने कहा की यह योजना गरीब असहाय लोगो के कल्याण के लिए है। जहां सिर्फ 10 रुपये में वस्त्र उपलब्ध होगा। वस्त्र के एवज में कोई भी अगर इससे अधिक राशि वसूल करता है, तो उसकी जानकारी अविलम्ब मुझे दे, संबधित पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।कोरोना के विकट काल मे गरीब एवं पिछड़े तबके के लोगों को आर्थिक रूप से परेशानी हुई। जिसको ध्यान में रखते हुए हमारी गठबंधन के सरकार के द्वारा ऐसी योजना का शुभारंभ किया गया है। पूर्व में यह योजना बंद कर दी गई थी जिसे पुनः माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा इस महत्वकांक्षी योजना को शुरू किया गया है जिसका सीधा लाभ गरीब जनता को प्राप्त होगा




धोती, लुंगी साड़ी के वितरण करते विधायक

## चुरचु प्रखण्ड पत्रकार के साथ हुई दुर्घटना

### सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि ने दिखाई संवेदनशीलता, इलाज में किया मदद

**अपेम लाइव : चुरचू**

**अरविन्द टुडू**



घायल पत्रकार का इलाज करते चिकित्सक

चुरचू प्रखंड के दैनिक अखबार के पत्रकार के साथ सोमवार को एक सड़क दुर्घटना हुई। जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद उन्हें त्वरित इलाज के लिए चुरचू प्राथमिक अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी स्थिति को गंभीर देखते हुए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया। जहां चुरचू के पत्रकार विजय दास के सूचना पर सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी इनके पहुंचने से पूर्व पहुंचकर सभी प्रकार की चिकित्सा व्यवस्था सुव्यवस्थित करते हुए स्वास्थ्य कर्मियों को अलर्ट मोड में करके रखें। सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने अपनी उप. स्थिति में घायल रिपोर्टर का इलाज किया जा रहा था। खबर लिखे जाने तक घायल पत्रकार अर्जुन टुडू को गंभीर अवस्था में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल से रिम्स, रांची बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। रेफर के समय उनका ऑक्सीजन लेवल लगभग 65 था और सांस लेने में भी समस्या हो रही थी साथ ही सीने जो असहनीय दर्द हो रहा है। बता दें कि घायल रिपोर्टर अर्जुन टुडू लगातार तापिन साऊथ लोकल सेल मे चल रहे विवाद को लेकर खबर प्रकाशित कर रहे थे। जिसके बाद उन्होंने दुर्घटना से एक दिन पूर्व ही अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था। मिली जानकारी के अनुसार लगातार अखबार में प्रकाशित हो रहे खबर के कारण पत्रकार पर राजनी. तिक दबाव भी बनाने की बात सामने आ रही है, जिससे वह इस विषय में खबर पर संज्ञान लेना छोड़ दें। इनके साथ हुआ यह हादसा सड़क दुर्घटना है या किसी की साजिश यह जांच का विषय है।







